समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# पैसों के लिए मोहताज हो जाएगा पाकिस्तान! डॉलर के बिना टूट जाएगी कमर, भारत ने कर ली ये बड़ी तैयारी।

Publisher

Published on 03 May 2025



**कर्ज मे डूबे पाकिस्तान चारों तरफ से घिरता नजर आ रहा है. भारत ने उसके ऊपर पूरी तरह से शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है.**

**22 अप्रैल, 2025** को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन लगातार जारी है. भारत ने पड़ोसी देश के खिलाफ कई तरह की पाबंदियां लगाई हैं और उस पर नकेल कसने की तैयारी चल रही है. ताजा घटनाक्रम में भारत ने **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ)** से पाकिस्तान को दिए गए लोन की समीक्षा करने को कहा है. एक भारतीय सरकारी सूत्र ने शुक्रवार (02 अप्रैल, 2025) को ये जानकारी दी.

रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान को पिछले साल आईएमएफ से बेलआउट प्रोग्राम के तहत 7 बिलियन डॉलर लिए थे और मार्च में उसे 1.3 बिलियन डॉलर का नया जलवायु संबंधित लोन दिया गया था. यह प्रोग्राम 350 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है और पाकिस्तान ने कहा कि इस राहत पैकेज के तहत उसकी अर्थव्यवस्था स्थिर हुई है, जिससे उसे लोन चूक के खतरे से बचने में मदद मिली है.

### पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट मे डालने की मांग

एक सरकारी सूत्र ने रॉयटर्स को बताया कि भारत ने **आईएमएफ** के सामने पाकिस्तान को दिए गए लोन पर चिंता जताई है और इसकी समीक्षा करने की मांग की है. इसके साथ ही भारत ने पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में डालने की भी अपील की है. अगर पाकिस्तान को मिलने वाली ये मदद बंद हो जाती है तो उसकी कमर टूटनी तय है.

### भारत कर सकता है पाकिस्तान पर हमला

भारत और पाकिस्तान ने पिछले सप्ताह भारतीय कश्मीर में हिंदू पर्यटकों पर हुए हमले के बाद कई एक-दूसरे के खिलाफ कई कदम उठाए हैं. ऐसी आशंका है कि परमाणु हथियार संपन्न दोनों देशों के बीच सैन्य संघर्ष हो सकता है. भारत ने बेहद ही महत्वपूर्ण सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है साथ ही दोनों देशों ने एक-दूसरे की एयरलाइनों के लिए अपने हवाई क्षेत्र बंद कर दिए हैं.

**पहलगाम आतंकी हमले पर पाकिस्तान ने क्या कहा ?**

भारत ने तीन हमलावरों की पहचान की है, जिनमें से दो पाकिस्तानी नागरिक हैं और इन्हें आतंकवादी बताया है. हालांकि पाकिस्तान ने किसी भी भूमिका से इनकार किया है और निष्पक्ष जांच की मांग की है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.